
# देश और दुनिया में हो रहा यूपी में बने उत्पादों का निर्यात

## इंडस्ट्री के कार्यों में सुगमता लाने के लिए कई पॉलिसी पर काम कर रही सरकार

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। अब उत्तर प्रदेश ग्लोबल हो रहा है। यूपी में बनने वाली वस्तुओं व उत्पादों का निर्यात देश व दुनिया में हो रहा है। साथ ही इंडस्ट्री के लिए चीजों को आसान करने को कई पॉलिसी पर राज्य सरकार काम भी कर रही है।

ये बातें मंगलवार को विभूतिखंड स्थित सीआईआई भवन में आयोजित वार्षिक सभा व 'इंडिया 75 : उत्तर प्रदेश-द चेंजिंग लैंडस्केप' विषय पर सेमिनार में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कही। कैटेलिस्ट ग्रोथ फॉर इकोनॉमिक डेवलमेंट विषय पर आयोजित परिचर्चा के दौरान मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने कहा कि पहले डिफेंस बजट का बड़ा पैसा दूसरे देशों में जाता था मगर अब हम रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश में इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए जमीन तैयार है। साथ ही उद्योग संगठनों को न्योता दिया गया है कि पॉलिसी स्तर पर जो भी कमियां हैं उनपर इंडस्ट्री शासन को बताए, ताकि उन्हें दूर किया जा सके।




सीआईआई भवन में आयोजित सेमिनार को संबोधित करते मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र।

**विनम्र अग्रवाल बने सीआईआई यूपी के अध्यक्ष और आकाश गोयनका उपाध्यक्ष :** एनुअल मीट के दौरान आम सहमति से टेक्निकल एसोसिएट्स के विनम्र अग्रवाल को सीआईआई यूपी का अध्यक्ष व गोल्डी ग्रुप के आकाश गोयनका को उपाध्यक्ष बनाया गया है।

कार्यक्रम के दौरान अपर मुख्य सचिव अवस्थापना व औद्योगिक विकास अरविंद कुमार ने कहा कि राज्य सरकार कई नीतियों पर काम कर रही है ताकि इंडस्ट्री के लिए चीजों को और आसान किया जा सके। यही नहीं एक्सप्रेस-वे के किनारे इंडस्ट्रियल पार्क बनेंगे। साथ ही यूपी में इंडस्ट्री के लिए बड़ा लैंडबैंक भी है जिसका फायदा प्रदेश को मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान पीटीसी इंडस्ट्री के चेयरमैन सचिन अग्रवाल ने बताया कि पिछले कुछ साल में किस तरह से इंडस्ट्री के लिए वातावरण बेहतर हो रहा है। इस मौके पर डिक्शन टेक्नोलॉजी के सीएमडी सुनील वाचानी ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण के क्षेत्र में यूपी में असीम संभावनाएं हैं। इस मौके पर पेप्सिको इंडिया के सरकारी मामलों के प्रमुख अधिकारी विराज चौहान, सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स के महानिदेशक सुनील कुमार मिश्रा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।